# अध्याय - 12 | आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थः महान् रिपुः

QUIZ PART-02

1. भिक्षुक किस प्रकार के ग्राम में रहता था?
A. लघु ग्राम में
B. निर्जन ग्राम में
C. विशाल ग्राम में
D. वन के मध्य (C)

*व्याख्या :* कथा का आरम्भ "एकस्मिन् विशाले ग्रामे" से होता है।

2. भिक्षुक शारीरिक रूप से कैसा था?
A. उन्नतः दृढकायः च
B. दुर्बलः रोगी च
C. वृद्धः कृशः च
D. बालकः चञ्चलः च (A)

*व्याख्या :* भिक्षुक लम्बा, मजबूत शरीर वाला युवक था।

3. स्वस्थ और दृढ़काय होने पर भी वह क्या करता था?
A. कृषिकर्म
B. व्यापारम्
C. अध्यापनम्
D. भिक्षाटनम् (D)

*व्याख्या :* शरीर से सक्षम होने पर भी वह भीख माँगता था।

4. मार्ग में मिलने वाले लोगों से भिक्षुक क्या माँगता था?
A. वस्त्राणि
B. भिक्षाम्
C. पुस्तकम्
D. जलम् (B)

*व्याख्या :* वह लोगों से कहता था—"कृपया भिक्षां यच्छतु।"

5. भिक्षुक के अनुसार दरिद्र को दान देने से क्या प्राप्त होता है?
A. विश्रामः
B. यशः
C. पुण्यम्
D. भोजनम् (C)

*व्याख्या :* भिक्षुक कहता था—"दरिद्राय दानं करोतु। पुण्यं प्राप्नोतु।"

6. कुछ लोग भिक्षुक को क्या देते थे?
A. धनम्
B. दण्डम्
C. पुस्तकम्
D. कार्यम् (A)

*व्याख्या :* पाठ में है—"केचन जनाः तस्मै धनं यच्छन्ति।"

7. जो लोग धन नहीं देते थे, उनमें से कुछ क्या करते थे?
A. उसे भोजन देते थे
B. उसे डाँटते थे
C. उसे घर ले जाते थे
D. उसके साथ कार्य करते थे (B)

*व्याख्या :* "केचन च तर्जयन्ति" का अर्थ है—कुछ लोग उसे डाँटते थे।

8. एक दिन उस मार्ग से कौन आया?
A. कृषकः
B. सैनिकः
C. शिक्षकः
D. धनिकः (D)

*व्याख्या :* एक दिन उसी मार्ग से एक धनवान व्यक्ति आया।

9. धनिक को देखकर भिक्षुक ने मन में क्या सोचा?
A. आज मुझे कार्य मिलेगा।
B. आज मुझे भोजन मिलेगा।
C. आज मुझे बहुत धन मिलेगा।
D. आज मुझे ग्राम छोड़ना पड़ेगा। (C)

*व्याख्या :* उसने सोचा—"अद्य अहं प्रभूतं धनं प्राप्नोमि।"

10. धनिक के "त्वं किम् इच्छसि?" प्रश्न पर भिक्षुक ने क्या उत्तर दिया?
A. अहं प्रभूतं धनम् इच्छामि।
B. अहं भोजनम् इच्छामि।
C. अहं वस्त्रम् इच्छामि।
D. अहं कार्यम् इच्छामि। (A)

*व्याख्या :* भिक्षुक ने विनम्रतापूर्वक बहुत सारा धन माँगा।

DESH KA APNA SCHOOL